प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि लाभार्थियों से करेंगे सीधा संवाद, दिल्ली मेट्रो के दो अतिरिक्त कॉरिडोर का भी होगा शिलान्यास।
2. मुख्यमंत्री ने छह विभागों के दस करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली योजनाओं की समीक्षा में कहा– तय समय–सीमा में पूरी हो सभी योजनाएं, हर सप्ताह दें प्रगति रिपोर्ट।
3. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज रांची में पूर्वी क्षेत्र के सबसे बड़े शहद टेस्टिंग लैब की रखेंगे नींव, मधुमक्खी पालन विकास केंद्र और बांस संवर्धन परियोजना की भी मिलेगी सौगात।
4. झारखंड उच्च न्यायालय ने जेपीएससी की पहली और दूसरी सिविल सेवा समेत बारह परीक्षाओं की सीबीआई जांच पर लगायी रोक, राज्य सरकार द्वारा दायर याचिकाएं की खारिज।
5. राज्य के कई हिस्सों में आज से छाए रहेंगे आंशिक बादल, 16 से 18 मार्च के बीच हो सकती है बारिश, तापमान में भी गिरावट की संभावना, दोपहर में गर्मी से मिलेगी राहत।

*************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों को योजना के अंतर्गत ऋण वितरित करेंगे। श्री मोदी दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के दो अतिरिक्त कॉरिडोर की आधारशिला भी रखेंगे। ये लाजपत नगर से साकेत–जी ब्लॉक कॉरिडोर और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर होंगे, जिनकी कुल लंबाई बीस किलोमीटर से अधिक होगी।

*************************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की नियमित निगरानी और तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वे कल भवन निर्माण, पथ निर्माण, जल संसाधन, पेयजल और स्वच्छता, ग्रामीण कार्य और नगर विकास तथा आवास विभाग की दस करोड रुपए की राशि से अधिक की योजनाओं के प्रगति कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लंबे समय तक लंबित रहने से लागत राशि बढ़ जाती है, जिससे सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने सचिवों से कहा कि वे योजनाओं की अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट हर सप्ताह देना सुनिश्चित करेंगे।

*************************

केंद्रीय कृषि और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज रांची में शहद टेस्टिंग लैब का शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण परिसर में स्थापित होने वाला यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा शहद टेस्टिंग लैब होगा। इससे शहद उत्पादक किसानों को घरेलू बाजार के साथ निर्यात का भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन विकास केंद्र और बांस संवर्धन परियोजना की भी शुरुआत होगी।

*************************

राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल का गठन कर लिया गया है। चुनाव की घोषणा किए जाने के साथ लागू यह सेल सक्रिय हो जाएगा। इसके जरिए चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के खर्चों का हिसाब–किताब रखा जाएगा वहीं, आचार संहिता का कड़ाई से पालन को लेकर मतदाताओं को सी–विजिल एप्प के इस्तेमाल की जानकारी दी जा रही है।

*************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दस आईईडी को बरामद कर सुरक्षित डिफ्यूज कर दिया। वहीं, गोयलकेरा से भी पुलिस को दो स्पाइक होल मिले हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा बल को निशाना बनाने बनाने के लिए भाकपा माओवादियों ने आईईडी प्लांट किया था।

*************************

पूर्वी सिंहभूम जिले के पांच कुपोषण उपचार केंद्रों में कुपोषित बच्चों का बेहतर इलाज हो रहा है।

**************************

झारखंड उच्च न्यायालय ने जेपीएससी की पहली और दूसरी सिविल सेवा समेत बारह परीक्षाओं की सीबीआई जांच तथा राज्य सरकार द्वारा दायर याचिकाएं खारिज कर दी है। न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय और न्यायाधीश दीपक रोशन की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों की सेवा संपुष्ट करने के साथ प्रोन्नति भी दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर सभी नौकरी कर रहे हैं। ऐसे में वर्ष 2011 में एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखते हुए सभी याचिकाएं निष्पादित कर दी गयी।

**************************

एनटीए ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों के पीजी पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। विद्यार्थी एनटीए की ऑफिशल वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा सत्रह मार्च को होगी।

**************************

रांची विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह कल आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर छियहत्तर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिलेगा जबकि चार हज़ार से ज्यादा छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

**************************

राज्य के कई हिस्सों में आज से आंशिक बादल छाए रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग में जारी किया है। वहीं, सोलह से अठारह मार्च के बीच बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के फिर सक्रिय होने से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है, जिससे लोगों को दोपहर में बढ़ती गर्मी से राहत मिलेगी।

**************************

रांची जिला के तमाड़ प्रखंड स्थित दिउड़ी मंदिर के विकास पर आठ करोड़ नब्बे लाख रुपए खर्च होंगे। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा विभाग द्वारा इस मंदिर के किए जाने वाले सौन्द्रीयकरण का शिलान्यास विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। उन्होंने कहा कि मंदिर को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा ।

**************************

आज विश्व किडनी दिवस है। इस लेकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं और विभिन्न अस्पतालों द्वारा लोगों के बीच किडनी से जुड़ी बीमारियों और उसके सही इलाज के प्रति जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**************************

डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, रांची में उन्नीस से बाईस मार्च तक उत्तर पूर्व राज्यों की संस्कृति और इतिहास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी में झारखंड समेत असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, सिक्किम और नागालैंड के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**************************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा अपराध, अवैध खनन और यातायात व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर ने विधायक अंबा प्रसाद और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर लिया है।

हिन्दुस्तान ने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा एससी एसटी को सामान्य श्रेणी में प्रोन्नति देने के राज्य सरकार के फैसले को सही माने जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– रिम्स में पहली बार होगी एक सौ छियासठ प्रोफेसर, एसोसिएट, एडिशनल और असिसटेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति।

दैनिक जागरण ने लिखा है– झारखंड में होगी शहद टेस्टिंग लैब की स्थापना, आज शिलान्यास।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है –एके–47 के साथ जेजेएमपी कमांडर सहित आधा दर्जन उग्रवादी गिरफ्तार।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने भाजपा द्वारा बहत्तर उम्मीदवारों की दूसरी जारी करने और हिन्दूस्तान टाइम्स ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिल्ली मैट्रो के दो अतिरिक्त कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दिए जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***************